6752 युवाओं को नौकरी 13866 को मिले टैबलेट

अंबेडकरनगर में रोजगार मेला, मुख्यमंत्री ने सौंपे नियुक्ति पत्र

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबेडकरनगर। रोजगार, आत्मनिर्भरता और विकास के मंत्र के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को 6752 युवाओं को नौकरी की सौगात दी। उन्हें नियुक्त पत्र सौंपे। आधुनिक शिक्षा से कदमताल के लिए 13,866 विद्यार्थियों को टैबलेट भी दिए। वादे के अनुसार 12,774 लाभार्थियों को 14 बैंकों के माध्यम से 211 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया। मुख्यमंत्री ने मातृ शक्ति की मजबूती की बात करते हुए कहा कि पुलिस भर्ती परीक्षा में 20 फीसदी महिलाओं को मौका मिल रहा है। इससे वे शोहदों से निपटने में सशक्त होंगी।

मुख्यमंत्री कटेहरी स्थित देव इंद्रावती महाविद्यालय परिसर में आयोजित एक दिवसीय युवा रोजगार व ऋण मेला तथा टैबलेट वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। सपा सुप्रीमो की तरफ इशारा करते हुए कहा कि पहले भर्तियां निकलती थीं तो चाचा-भतीजा वसूली करने निकल पड़ते थे। अब ऐसा प्रबंध है कि किसी ने गड़बड़ी की कोशिश भी की तो उसकी पूरी संपत्ति जब्त कर गरीबों में वितरित कर दी जाएगी। युवाओं के लिए कटेहरी में बड़े पैमाने पर जो रोजगार व ऋण मेले का आयोजन हुआ है, उसे पूरे प्रदेश में लागू करेंगे। सभी जिलों में इस तरह के आयोजन से युवा लाभान्वित होंगे। इस मौके पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, मत्स्य मंत्री डॉ. संजय निषाद, व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल व खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव भी मौजूद रहे।

अंबेडकरनगर में रोजगार मेले के दौरान नियुक्तिपत्र सौंपते सीएम योगी आदित्यनाथ। एजेंसी

अयोध्या को आज देंगे 80 करोड़ की 14 परियोजनाओं की सौगात

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय की 80 करोड़ की 14 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान होने वाले बृहद रोजगार मेले में 100 कंपनियों के 50,000 रिक्त पदों पर युवाओं को नौकरी पाने का अवसर मिलेगा। साथ ही स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 3500 मेधावी विद्यार्थियों को स्मार्ट फोन और टैबलेट वितरित किया जाएगा। ब्यूरो

20%

महिलाओं को पुलिस भर्ती में मौका देने से मातृ शक्ति होगी मजबूत

यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते दिनों हुए इंवेस्टर्स समिट में 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश का जो प्रस्ताव यूपी के हिस्से में आया था, उससे यहां के 1.35 करोड़ युवाओं को रोजगार की गारंटी मिली। युवाओं को रोजगार व अपराध पर नियंत्रण का नतीजा है कि आज यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। पहले यह देश के विकास का ब्लैक स्पॉट माना जाता था। अब ब्राइट स्पॉट के साथ ही ग्रोथ इंजन बन गया है।

हॉकी खिलाड़ी ललित और राजकुमार को 1-1 करोड़ रुपये

गाजीपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने और खेलने वाले यूपी के खिलाड़ियों के लिए खजाना खोल दिया। करमपुर स्थित मेघबरन सिंह स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने ओलंपकि में कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम के खिलाड़ी ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल को सम्मानित करते हुए 1-1 करोड़ रुपये देने का एलान किया। पहली बार ओलंपिक खेलने और पदक जीतने वाले राजकुमार पाल को डीएसपी का पद देने की घोषणा भी की है। उन्होंने यह भी कहा कि पेरिस ओलंपिक में खेलने वाले यूपी के सभी खिलाड़ियों को 10-10 लाख रुपये दिए जाएंगे। जल्द ही लखनऊ में कार्यक्रम करके सम्मान राशि दी जाएगी। इसमें मेरठ की पारूल चौधरी, प्रियंका गोस्वामी, अनुरानी और प्राची को भी बुलाया जाएगा। उन्हें सम्मानित किया जाएगा। संवाद

सीएम योगी ने हॉकी खिलाड़ी ललित उपाध्याय और राजकुमार पाल को सम्मानित किया। संवाद